अध्याय–6

# लेखांकन एवम् आंकड़ा संचय प्रणाली

# (Accounting and Database System)

## सीखने के उद्देश्य (Learning Objective)

इस पाठ का अध्ययन करने के पश्चात् आप –

1. एमएस एक्सेस की डाटाबेस प्रबन्ध पद्धति के संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
2. डाटाबेस प्रारूप में दी गई डाटा सारणियों को तैयार कर सकेंगे तथा इन सारणियों के मध्य पाये जाने वाले संबंध की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
3. एक्सेस के मूलभूत सिद्धान्त एवं एक्सेस के प्रयोग द्वारा प्रपत्रों को तैयार करने की विधि समझ सकेंगे।
4. विभिन्न डाटाबेस प्रारूप के अनुरूप प्रपत्र बना सकेंगे और उनकी व्याख्या कर सकेंगें।
5. सूचना विषयक डाटाबेस के लिए प्रतिवेदन से संबंधित आवश्यक सूचनाओं का ज्ञान प्राप्त कर सेंगे।
6. लेखांकन प्रतिवेदनों को प्राप्त करने के लिए एक्सेस की प्रक्रिया को समझ पायेंगे।
7. लेखांकन प्रतिवेदन के प्रस्तुतिकरण हेतु प्रश्न बना सकेंगे। तथा उन्हें उस पर लागू कर सकेंगे।

समंको (Data) से आषय ऐसे तथ्यों से है जो संख्यात्मक रूप (Numerical Form) में या शाब्दिक रूप में (Alphabetic Form) या दोनों का मिश्रण हो सकता है। ये ऐसे तथ्य होते है जिनका एक निष्चित अर्थ होता है तथा इनका उपयोग गणना, वर्णन, निर्णयन आदि तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करने में होता है। आंकड़ा संचय (Database) सम्बंधित आंकड़ों का संग्रहण होता है जो वास्तविक तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध करवाता है। इसमें नये समंको को जोड़ने, समंको को संशोधित करने आदि क्रिया करने के बाद संशोधित आंकड़े प्राप्त किये जा सकते है। आंकड़ा संचय प्रणाली में आंकड़ों का संचय, नये आंकड़े जोड़ना, पुराने तथा अनुपयोगी आंकड़े हटाना, आंकड़ों का सम्पादन तथा आंकड़ों का परिचालन (Manipulation) व प्रस्तुतीकरण का कार्य सम्पन्न किया जाता है। आंकड़ा संचय (Database) प्रणाली में एक संस्था से सम्बन्धित समस्त कम्प्यूटर फाइलें शामिल होती है। इसके माध्यम से इन फाइलों को व्यवस्थित तरीके से रखा जाता है। ये फाइलें एक दूसरी से जुड़ी होती है ताकि कोई सूचना प्राप्त करनी हो तो आसानी से प्राप्त की जा सके।

**जी. एम. स्कोट के अनुसार** – आंकड़ा संचय एक कम्प्यूटर फाइल प्रणाली है जिसमें एक विशेष फाइल संगठन का प्रयोग व्यक्तिगत अभिलेखों (Records) को द्रुतगति से आधुनिक (Rapid updating) बनाने सम्बन्धित अभिलेखों को भी साथ–साथ आधुनिक बनाने, सभी अभिलेखों तक पहुंच आसान हो इसके लिए होता है तथा ऐसे सभी संग्रहित समंकों तक शीघ्र पहुंच को संभव बनाता है जिन्हें एक विशेष नैत्यिक प्रतिवेदन (Routine Report) बनाने के लिए या विषेष उद्देश्य वाला प्रतिवेदन बनाने के लिए या जांच के लिए इकट्ठे किये गये है।

उक्त परिभाषा के अध्ययन से आंकड़ा संचय की निम्नलिखित विशेषताऐं प्रदर्शित होती है –

**1. अभिलेखों में आपसी सम्बन्ध स्थापित करना (Establish Link between the Records)** – आंकड़ा संचय में फाइलों का एक ऐसा ढांचा विद्यमान रहता है जो क्रमादेशों (Programmes) का आंकड़ा संचय के विभिन्न अभिलेखों में आपसी सम्बन्ध स्थापित करने में सहायक होता है।

**2. व्यक्तिगत अभिलेखों तथा इनसे सम्बन्धित अन्य अभिलेखों को शीघ्र आधुनिक बनाना**

**(Repaid updating of Individual Records and simultaneous updating of related Records)** – आंकड़ा संचय में एक प्रविष्टि करने पर उससे सम्बन्धित समस्त अभिलेखों में उसका प्रभाव पड़ जाता है। किसी भी अभिलेख में कोई परिवर्तन किया जाय तो उससे सम्बन्धित अन्य अभिलेखों में स्वतः परिवर्तन हो जाता है। जैसे माल खरीदने का लेखा करने पर क्रय अभिलेख, रहतिया अभिलेख, लेनदार अभिलेख तथा आवश्यक होने पर कमीषन अभिलेख स्वतः पूर्ण हो जाते है।

**3. सभी प्रयुक्त क्रमादेशों की अभिलेखों तक आसान पहुंच (Easy access to all records by all applications programmes)** – आंकड़ा संचय में सभी प्रयुक्त हुए क्रमादेश फाइल के सभी अभिलेखों तक आसानी से पहुंच सकते है।

**4. नेत्यक प्रतिवेदन तैयार करने के लिए आवश्यक सभी संचित आंकड़ों तक शीघ्र पहुंच (Rapid access to all stored data needed for a routine report)** – आंकड़ा संचय के आधार पर नेत्यक प्रतिवेदन शीघ्रतापूर्वक तैयार किया जा सकता है।

**5. विशेष उद्देश्य के लिए या जांच प्रतिवेदन तैयार करने के लिए आवश्यक सभी संचित आंकड़ों तक शीघ्र पहुंच (Rapid access to all stored data needed for a special purpose report or inquiry)** – प्रबन्धक यदि अप्रत्याशित रूप से कोई जांच करना चाहे तो अभिलेख निरन्तर रूप से आधुनिक (updating) रखे जाते है।

## आंकड़ों का प्रक्रियांकन चक्र (Data Processing Cycle)

आंकड़ा संचय प्रणाली को समझने के लिए प्रथम कदम आंकड़ों का प्रक्रियांकन चक्र समझना होता है। इस चक्र में आंकड़ों का संग्रहण करना, इनका वर्गीकरण करना, इनसे अन्य आंकड़ों का सम्बन्ध स्थापित करना, अभिव्यक्ति करना तथा आंकड़ों की इस प्रकार से गणना करना कि निर्णय लेने के लिए आवश्यक तथ्यात्मक सूचनाऐं प्राप्त हो सके आदि कार्य शामिल है। लेखांकन के संदर्भ में आंकड़ा प्रक्रियांकन चक्र में निम्नलिखित कदम श्रृंखलाबद्ध के रूप में उठाने होते है –

**1. तथ्यों के स्त्रोत (Source Document)** – सर्वप्रथम प्रमाणक तैयार किया जाता है जिसमें लेखांकन के आंकड़ों को समायोजित करके दिखाया जाता है। इन दस्तावेजों का प्रारूप इस प्रकार से तैयार किया जाता है कि लेखांकन सम्बंधी आंकड़े सही तरीके से अभिलेखित हो सके। इसके अन्तर्गत प्रमाणक इस प्रकार बनते है जैसे मैसर्स हेमन्त एण्ड सेन्स ने 1 अप्रेल, 2011 को 1,00,000 रु. से व्यापार प्रारंभ किया जिन्हें बैंक में जमा करवा दिया गया। इसका प्रमाणक इस प्रकार बनाया जायेगा –

**M/s. Hemant & Sons**

**Transaction Voucher**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Voucher No. | : | 001 | Date : 01.04.2011 |
| Debit Account | : | Bank Account | |
| Credit Account | : | Capital Account | |
| Amount in Rs. | : | 1,00,000 | |
| Narration | : | Started business by depositing initial capital into bank. | |
| Authorised by | : | …………………….. | Prepared by ……….. |

इसी प्रमाणक को जमा का प्रमाणक (Credit Voucher) प्रयोग करते हुए भी अभिलेखित किया जा सकता है जिसमें एक खाते को नाम करने के साथ–साथ एक से अधिक खातों को जमा किया जा सकता है। जैसे उपरोक्त में रमेष ने 60,000 रु. तथा हेमन्त ने 40,000 रु. लगाकर व्यापार प्रारंभ किया हो, जिन्हें बैंक में जमा करवा दिया हो तो इसका जमा का प्रमाणक इस प्रकार बनेगा –

**M/s. Hemant & Sons**

**Credit Voucher**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Voucher No. | : | 001 | Date : 01.04.2011 |
| Debit Account | : | Bank Account | |

Credit Accounts

| Sl.No. | Code | Name of Account | Amount Rs. | Narration |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 110001 | Ramesh Capital A/c | 60,000 | Commenced business |
| 2. | 110002 | Hemant Capital A/c | 40,000 | |
| | | Total Amount | 1,00,000 | |
| Authorised by : | …………………….. | | | Prepared by ……….. |

इसी प्रकार नाम प्रमाणक (Debit Voucher) भी बनाया जाता है जिसमें एक खाते को जमा करने के साथ साथ एक से अधिक खातों को नाम किया जाता है। जैसे 5 अप्रेल, 2011 को 44,000 रु. का रोकड़ माल खरीदा तथा 1,000 रु. थेला भाड़ा के चुकाये। इसमें दो नाम खाते (क्रय खाता तथा थेला भाड़ा खाता) तथा एक जमा खाता (रोकड़ खाता) शामिल है। इस व्यवहार का नाम प्रमाणक इस प्रकार तैयार होगा –

**M/s. Hemant & Sons**

**Debit Voucher**

Voucher No. : 05 Date : 01.04.2011

Credit Account : Cash Account

Debit Accounts

| Sl.No. | Code | Name of Account | Amount Rs. | Narration |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 711001 | Purchases | 44,000 | Goods Purchased |
| 2. | 71105 | Cartage | 1,000 | Cartage Paid |
| | | Total Amount | 45,000 | |
| Authorised by : | …………………….. | | | Prepared by ……….. |

**2. आंकड़ों को प्रविष्ट करना (Input of Data)** – प्रमाणकों में जो लेखांकन आंकड़े विद्यमान है उन्हें कम्प्यूटर के भण्डारण युक्ति (Storage device) में प्रविष्ट करेंगे। ऐसा तभी हो सकता है जबकि समंकों की प्रविष्टि करने का पूर्वनिर्धारित प्रपत्र प्रयोग किया जाय। समंकों की प्रविष्टि करने के प्रारूप का नमूना वैसा ही बनाया जाता है जैसा कि भौतिक प्रमाणक है। इस प्रारूप को तैयार करने के लिए प्रक्रिया सामग्री (Software) का प्रयोग किया जाता है। कम्प्यूटर के मॉनिटर पर इस प्रारूप को देखकर आंकड़ों को प्रविष्टि किया जाता है।

**3. आंकड़ों का भण्डारण (Data Storage)** – आंकड़ों का भण्डारण करने के लिए एक ऐसी उपयुक्त संरचना की आवश्यकता होती है कि उसमें प्रत्येक प्रकृति के खाते का संकेताक्षर (Code), खाते का नाम तथा खाते के वर्ग का प्रकार का संकेताक्षर लिखना पड़ता है। आंकड़ों का भण्डारण आंकड़ा संचय का ही हिस्सा होता है। आंकड़ा भण्डारण का प्रारूप इस प्रकार है –

| Code | Name | Type |
|---|---|---|
| 11001 | Capital Account | 4 |
| 711001 | Purchases Account | 1 |
| 71105 | Cartage Account | 1 |

**4. आंकड़ों का रूपान्तरण (Manipulation of Data)** – अंतिम प्रतिवेदन (Report) बनाने के लिए भण्डारण किये गये आंकड़ों में उनके उपयोगकर्त्ता की आवश्यकता के अनुरूप रूपान्तरण किया जाता है। इस प्रकार रूपान्तरित आंकड़े ही प्रतिवेदन के रूप में प्रस्तुत किये जाते है।

**5. आंकड़ों का निर्गम (Output of Data)** – आंकड़ों के रूपान्तरण से ही खाताबही, तलपट, बैंक समाधान, विवरण तथा अंतिम खाते आदि के प्रतिवेदन पूर्व निर्धारित प्रारूपों में प्राप्त किये जाते है।

## लेखांकन के लिए आंकड़ा संचय का प्रारूप तैयार करना

## (Designing Database for Accounting)

कम्प्यूटरीकृत तथा कम्प्यूटर पर आधारित लेखा सूचना प्रणाली (AIS) दोनों को ही लेखांकन सम्बंधी आंकड़ों का भण्डारण करने के लिए एक सुदृढ़ आंकड़ों के ढांचे की आवष्यकता होती है। लेखांकन के लिए आंकड़ों के संचय के प्रारूप की प्रक्रिया का प्रारंभ लेखांकन की वास्तविकता (Reality) से होता है जो आंकड़ा प्रारूप की अवधारणा तत्वों के रूप में व्यक्त की जाती है। लेखांकन आंकड़ा संचय की प्रक्रिया को निम्नलिखित चित्र के माध्यम से व्यक्त किया जाता है –

**वास्तविकता (Reality)** – इसके अन्तर्गत लेखांकन की वास्तविकता के बारे में सम्पूर्ण अभिव्यक्ति की जाती है। जिसके लिए आंकड़ा संचय तैयार किया गया है उसके संदर्भ में यह वास्तविक रूप से लेखांकन की स्थिति के कुछ पहलुओं को प्रदर्शित करती है।

**सत्व संबंध प्रारूप (ER Design)** – यह औपचारिक रूप से सचित्र प्रस्तुतीकरण है जिसमें इस मॉडल की मान्यताओं को प्रयोग करते हुए वास्तविकता का वर्णन प्रस्तुत किया जाता है।

**सम्बंधपरक आंकड़ों का नमूना (Relation Data Model)** – इसके आंकड़ों तथा आंकड़ों के आपसी सम्बन्ध को प्रदर्शित करने के लिए तालिकाओं के समूह का प्रयोग किया जाता है और नियमानुसार समायोजन करके आंकड़ों की क्रमबद्धता एवं विष्वसनीयता तथा समग्रता को सुनिश्चित करता है।

**प्रसामान्यक (Normalisation)** – यह आंकड़ा संचय प्रारूप में सुधार करने की प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत दोहरे या फालतू (अशुद्ध) आंकड़े होने की सम्भावना कम हो जाय या समाप्त हो जाय।

**परिशुद्ध (Refinement)** – यह प्रसामान्यक प्रक्रिया का परिणाम है। यह प्रक्रिया समाप्त होते ही अंतिम आंकड़ा संचय प्रारूप तैयार हो जाता है।



**चित्र सं. 5.1 लेखांकन के लिए आंकड़ा संचय प्रारूप में प्रक्रिया का प्रवाह मानचित्र**

**इकाई सम्बन्ध प्रारूप (Entity Relationship Model)** – यह एक प्रसिद्ध समंक (Data) प्रारूप की अवधारणा है जिसका अधिकतम प्रयोग आंकड़ा संचय (Database) पर आधारित अनुपयोगों (Applications) में होता है। इकाई सम्बन्ध प्रारूप के प्रमुख तत्वों (Elements) में इकाई (Entity), गुणों (attributes), पहचानकर्त्ता (identifiers) तथा सम्बन्धों इत्यादी का प्रयोग वास्तविकता को प्रदर्षित करने के लिए किया जाता है जिनके लिए कि आंकड़ा संचय को प्रारूपित (Designed) किया गया है। आंकड़ा संचय का प्रारूप तैयार करने के लिए सबसे अच्छा तरीका इकाई सम्बन्ध प्रारूप को संकेतों की सहायता से प्रदर्षित करना है। इ.स. प्रारूप में विभिन्न प्रकार की इकाई, गुण, पहचान तथा सम्बन्धों (Relationship) को व्यक्त करने के लिए अलग अलग चिन्ह प्रयोग में लाये जाते है। जब सम्बन्ध रेखाचित्र (Diagram) बनाते है तो विभिन्न प्रकार के गुणों के लिए निम्नलिखित चिन्हों (Symbles) का प्रयोग किया जाता है –

इकाई के लिए प्रयुक्त चिन्ह (आयताकार संदूक) देखे चित्र संख्या 1

कमजोर इकाई के लिए प्रयुक्त चिन्ह (दोहरी लाइन वाला आयताकार संदूक) देखे चित्र संख्या 2

सम्बन्धों के लिए प्रयुक्त चिन्ह (हीरे के आकार का संदूक) देखे चित्र संख्या 3

पहचानकर्त्ता के लिए प्रयुक्त चिन्ह (दौहरी लाइन में हीरे के आकार का संदूक) देखे चित्र संख्या 4

गुण के लिए अण्डाकार चिन्ह के साथ एक सीधी रेखा में इकाई का नाम देखे चित्र संख्या 5

मुख्य गुण के लिए अण्डाकार आकृति में मुख्य गुण का नाम लिखकर अण्डाकार चिन्ह के साथ एक सीधी रेखा में इकाई का नाम देखे चित्र संख्या 6

दोहरे गुण के लिए दोहरे अण्डाकार चिन्ह के साथ एक सीधी रेखा में इकाई का नाम देखे चित्र संख्या 7

व्युत्पन्न (Derived) गुण के लिए टुकड़ेदार लाइन में अण्डाकार चिन्ह के साथ एक सीधी रेखा में इकाई का नाम देखे चित्र संख्या 8



चित्र सं. 1 चित्र सं. 2 चित्र सं. 3 चित्र सं. 4 चित्र सं. 5 चित्र सं. 6



चित्र सं. 7 चित्र सं. 8

**चित्र संख्या 5.2 सत्व संबंध के चित्र में प्रयुक्त संकेत चिन्ह**

दो इकाईयों में कुल सहभागिता का अन्तर सम्बन्ध (Total Participation of E2 in R)




इकाई सम्बन्ध प्रारूप (ER Model) भौतिक आंकड़ा संचय प्रारूप का वर्णन करता है तथापि एक तर्क संगत आंकड़ा संचय प्रारूप और संदेश वाहन में यह बहुत उपयोगी है। इसका उपयोग मुख्यतः निम्नलिखित उद्देष्यों की प्राप्ति के लिए किया जाता है –

1. आंकडों का अनुवाद उनके उपयोगकर्त्ताओं (प्रबन्धकों, लेनदारों, कार्यक्रम बनाने वालों) के अनुरूप करना।
2. विभिन्न दृष्टिकोण से आवष्यकता अनुसार आंकड़ों का प्रक्रियांकन (Processing) तथा प्रतिबंध आवश्यकताओं (Constraints Requirements) को परिभाषित करना।
3. आंकड़ा संचय को कार्यान्वित करवाने में सहायता करना।

## इकाई सम्बन्ध प्रारूप के संघटक (Components of ER Model)

**1. इकाई (Entity)** – इकाई से आशय किसी भी प्रकार की ऐसी वस्तु से होता है जिसका अपना स्वतन्त्र अस्तित्व हो। लेखांकन के आंकड़े भी इकाई द्वारा तैयार करवाये जाते है। इकाई भौतिक (स्कूटर, राम, घर) तथा अभौतिक (कम्पनी, नौकरी, कॉलेज, स्कूल) अस्तिव में भी हो सकती है। लेखांकन के संदर्भ में प्रमाणक, कर्मचारी, खातों के प्रकार तथा सहायक अभिलेख इत्यादि इकाई कहलाते है।

**2. गुण (Attributes)** – किसी भी इकाई के व्यक्तिव के बारे में विस्तृत वर्णन जिस तत्व के द्वारा किया जाता है उसे गुण कहते है जैसे – ऊंचाई, भार (Weigh) जन्म तिथि आदि गुण व्यक्ति के संदर्भ में होते है। लेखांकन के संदर्भ में विभिन्न शीर्षकों के लिए लेखा संकेताक्षर (Account Code) होते है। किसी भी इकाई में कई तरह के लक्षण हो सकते है –

**(i) मिश्रित बनाम साधारण गुण (Composite V/s Simple Attributes)** – मिश्रित या संयुक्त गुण को छोटे छोटे भागों में विभाजित किया जा सकता है परन्तु साधारण गुण को पुनः विभाजित नहीं किया जा सकता है। जैसे किसी व्यक्ति के नाम को प्रथम, मध्यम तथा अंतिम में बांटा जा सकता है या जन्म तिथि को दिन, माह तथा वर्ष में बांटा जा सकता है परन्तु ऊंचाई को नहीं बांटा जा सकता।

**(ii) एकल मूल्य बनाम बहुमूल्य गुण (Single valued V/s Multi valued Attributes)** – ऐसा गुण जिसका एक इकाई के लिए एक ही मूल्य होता है एकल मूल्य कहलाता है जबकि ऐसे गुण जिनका एक इकाई के लिए एक से अधिक मूल्य होता है उसे बहुमूल्य गुण कहते है। जैसे व्यक्ति की ऊंचाई आयु आदि एकल गुण है जबकि योग्यताऐं बहुमूल्य गुण है। लेखांकन के नजरिये से जर्नल प्रविष्टि में जमा, नाम, राशि, विवरण आदि प्रविष्टि का बहुमूल्य गुण है।

**(iii) संचित बनाम व्युत्पन्न गुण (Stored V/s Derived Attribute)** – जब दो या दो से अधिक गुण एक दूसरे से इस प्रकार सम्बंधित हो जाते है कि उनमें से एक मुख्य गुण बन जाता है और दूसरा आश्रित गुण तो पहले को संचित गुण और अन्य को व्युत्पन्न गुण कहते है। जैसे किसी व्यक्ति की जन्म तिथि संचित गुण है और आयु व्युत्पन्न गुण है।

लेखांकन के हिसाब से प्रत्येक इकाई के गुण इस प्रकार है –

| इकाई का प्रकार (Entity Type) | गुणों की सूची (List of Attributes) |
|---|---|
| लेखों का प्रकार (Accounts Type) | वर्ग श्रेणी (Category - ID), वर्गीकरण |
| खाते (Accounts) | कोड़, नाम, प्रकार |
| कर्मचारी (Employees) | कर्मचारी श्रेणी (ID), प्रथम नाम, मध्य नाम, अंतिम नाम, सुपर श्रेणी (ID) |
| प्रमाणक (Voucher) | संख्या, दिनांक, आय–व्यय, जमा–नाम, खाता, विवरण, किसके द्वारा बनाया गया, किसने अधिकृत किया। |
| सहायक दस्तावेज (Support Document) | क्रम संख्या, दिनांक, नाम। |

उपरोक्त वर्णित वर्ग श्रेणी (Category Id) खातों के प्रकार का इकाई गुण है। इससे खातों के वर्गीकरण (व्यक्तिगत, वास्तविक, अवास्तविक, परिसम्पत्तियां, देयताओं, व्यय, आय, पूंजी आदि खाते) को पहचाना जाता है। खाते भी एक इकाई है जो खातों के वर्गीकरण की पहचान करने में सहायक होती है। गुण खाते के नाम को व्यक्त करता है। खातों के प्रकार उपरोक्तानुसार ही है। कर्मचारी भी भौतिक इकाई है तथा कर्मचारी श्रेणी (Id) से किसी भी कर्मचारी की पहचान सुनिश्चित की जाती है। सुपर श्रेणी (Id) कर्मचारी के अधिकारियों की पहचान सुनिष्चित करता है। प्रमाणक भी एक इकाई है जो विभिन्न व्यवहारों के आंकड़ों को संरचना में उपलब्ध करवाता है। सहायक दस्तावेज भी एक इकाई है जो व्यवहार के प्रमाणकों के साथ नत्थी किये जाते है।

**3. पहचानक (Identifier)** – प्रत्येक प्रकार की इकाई समूह में उसका एक विशिष्ट गुण होता है जिसके विलक्षण मूल्य से इकाई का उल्लेख करके उस इकाई को पहचाना जाता है। जैसे विद्यार्थी नामक इकाई के लिए नामांक (Roll Number) उसका गुण है जो विद्यार्थी नामक इकाई के लिए विलक्षण मूल्य है जिसकी सहायता से विद्यार्थियों की पहचान दिखलाई जा सकती है। इसी प्रकार संकेताक्षर (Code) खाता इकाई का (Entity Type Accounts) प्रमुख गुण है क्योंकि इनके समंकों के मूल्यों को अलग अलग करने के लिए संकेताक्षर अहम भूमिका निभाता है। कुछ इकाईयें एक से अधिक मुख्य गुण वाली हो सकती है परन्तु एक समय में समान मूल्यों वाले मुख्य गुणों वाली इकाइयों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। जिस इकाई का कोई मुख्य गुण नहीं होता उसे

कमजोर इकाई कहते है। कभी कभी दो या दो से अधिक ऐसे गुण मिलकर इसी तरह के कई मूल्यों की रचना करते है। निम्नलिखित चित्र खाते का संकेताक्षर (Code) तथा उसके मुख्य गुणों को दर्शाता है –




**चित्र संख्या 5.3 खाता प्रकार का कोड उसके मुख्य गुण के रूप में दर्शाते हुए मानचित्र**

**4. सम्बन्ध (Relationship)** – दो या दो से अधिक मदों या इकाइयों के बीच परस्पर सम्पर्क को सम्बन्ध कहते है। जैसे प्रमाणक एवं खाता दो अलग अलग इकाइयां है। परन्तु प्रमाणक में नाम तथा जमा में खाते का नाम लिखा जाता है। इकाई सम्बन्ध प्रारूप (ER Model) में सम्बन्ध गुणों के न होकर सुस्पष्ट सम्बन्धीं में निरूपित होते है।

**सम्बन्धों के प्रकार (Types of Relationship)**

इकाई सम्बन्ध प्रारूप में सम्बन्ध तीन प्रकार के होते है –

(i) एक से एक (One to One), (ii) एक से अनेक (One to many),

(iii) अनेक से अनेक (Many to Many)

**(i) एक से एक या वि□ुद्ध सम्बन्ध (One to One Relationship)** – जब किसी इकाई की प्रत्येक मद किसी अन्य इकाई की केवल एक मद से सम्बन्धित हो तो उसे विशुद्ध सम्बन्ध कहते है। जैसे एक व्यक्ति केवल एक औरत से विवाह करती है या एक औरत केवल एक व्यक्ति से विवाह करती है तो इसे एक से एक का सम्बन्ध कहते है।

एक से एक का सम्बन्ध रेखाचित्र में इस प्रकार दर्शाया जाता है।




**चित्र संख्या 5.4 विद्यार्थी तथा अध्यापक के मध्य द्विआधारी सम्बन्ध को द□ाता मानचित्र**

**(ii) एक से अनेक सम्बन्ध (One to Many Relationship)** – यह स्थिति उस समय होती है जबकि एक इकाई की एक मद का सम्बन्ध अन्य इकाई की अनेक मदों से हो। जैसे एक देश में बहुत से राज्य होते है या एक राज्य में बहुत से शहर होते है तो देश का राज्यों तथा राज्य का शहरों के मध्य सम्बन्ध एक से अनेक का होता है। इसे निम्नलिखित चित्र से दर्शाया जा सकता है –




**चित्र संख्या 5.5 एक दे□ा तथा बहुत से राज्यों या एक राज्य के बहुत से शहरों में सम्बन्ध को (1:M) दर्शाता है।**

**(iii) अनेक से अनेक सम्बन्ध (Many to Many Relationship)** – अनेक से अनेक सम्बन्ध उस समय होता है जबकि किसी इकाई की बहुत सी मदों का सम्बन्ध किसी अन्य इकाई की बहुत सी मदों से हो। यदि इकाई के बहुत सारे कर्मचारियों द्वारा बहुत सारी परियोजनाओं (Project) पर कार्य किया जा रहा हो तो यह अनेक से अनेक सम्बन्ध माना जाता है। इसे निम्नलिखित चित्र से समझा जा सकता है –




**चित्र संख्या 5.6 कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रोजक्टस पर किये जाने वाले कार्य को द□ाता है। (M:N)**

**सम्बन्धों की मात्रा (Degrees of Relationship)** – सम्बंधों की मात्रा से आषय इकाईयों की संख्या से है। सम्बन्धों की मात्रा तीन प्रकार की होती है – (i) एकवर्णी सम्बन्ध (Unary Relationship), (ii) द्विवर्णी सम्बन्ध (Binary Relationship) तथा (iii) त्रिवर्णी सम्बन्ध (Ternary Relationship)

एकवर्णी सम्बन्ध तब माना जाता है जबकि मात्र एक इकाई से सम्पर्क रखा जाता है जबकि द्विवर्णी सम्बन्ध में दो इकाइयों के मध्य सम्पर्क होता है। त्रिवर्णी सम्बन्ध में तीन इकाइयों के मध्य सम्पर्क होता है। ऊंची मात्रा विद्यमान होने पर उन्हें कोई विशिष्ट नाम न देकर उस मात्रा की संख्या शब्दों में लिखकर वर्णी सम्बन्ध लिख दिया जायेगा। जैसे सात इकाइयों के सम्पर्क होने पर 'सात इकाई सम्बन्ध' कहा जायेगा। इन्हें चित्रों में इस प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है –




**चित्र संख्या 5.7 पाठ्यक्रम की आवश्यकता स्वयं पाठ्यक्रम के लिए ही बताता है।**

यह एकवर्णी सम्बन्ध बतलाता है कि पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम की आवश्यकता है।




**चित्र संख्या 5.8 कर्मचारी तथा प्रमाणक के बीच के सम्बन्ध को बतलाता है**

यह चित्र द्विवर्णी सम्बन्ध दर्शा रहा है जो बतलाता है कि कर्मचारी प्रमाणक बनाता है। अर्थात प्रमाणक तथा कर्मचारी के मध्य द्विवर्णी सम्बन्ध है।




**चित्र संख्या 5.9 आपूर्तिकर्त्ता भागों एवम् परियोजनाओं के मध्य त्रिआधारित संबंध दर्शाता मानचित्र**

यह चित्र त्रिवर्णी सम्बन्ध को बतलाता है जिसमें आपूर्तिकर्त्ता परियोजनाओं को तथा भागों (पुर्जों) को माल की आपूर्ति करता है।

**(iii) भूमिका का नाम (Role Name)** – प्रत्येक प्रकार की इकाई जो कि विभिन्न प्रकार के सम्बन्ध बनाने में एक विशेष प्रकार की भूमिका निभाती है। यहां भूमिका के नाम से आषय उस भूमिका से है जो एक इकाई की प्रत्येक प्रकार की इकाई के सम्बन्ध के उल्लेख में सहभागिता रखता है।




**चित्र संख्या 5.10 कर्मचारी तथा प्रमाणकों के बीच के सम्बन्ध को बतलाता है।**

''तैयार किया (Prepared By)'' सम्बन्ध प्रकार में कर्मचारी की भूमिका दस्तावेज बनाने वाले (Document Creator) की है तथा प्रमाणक की भूमिका बने हुए दस्तावेज (Document Created) की है।

**(iv) संरचनात्मक निषेध (Structural Constraints)** – यथार्थवादिता/सत्ता/सच्चाई कुछ निश्चित प्रतिबन्ध लगाती है जिससे इकाई के उन सम्भावित मिश्रणों (Combinations) को सीमित किया जाता है जो कि दिये गये सम्बन्धों के समुच्चयों में भाग लेते हैं। ये दो प्रकार के होते है। (अ) आधारभूर अनुपात (Cardinality Ratio) तथा (ब) सहभागिता। द्विवर्णी सम्बन्ध (Binary Relationship) के लिए आधारभूत अनुपात उन सम्बन्धों के उदाहरणों को दर्षाता है जिसमें कि एक इकाई हिस्सा लेती है। तैयार किया (In Prepared By) द्विवर्णी सम्बन्धों के प्रकार में प्रमाणक तथा कर्मचारियों का अनुपात N : 1 आधारभूत अनुपात है जो यह बतलाता है कि प्रमाणकों का समच्चुय (Set) एक कर्मचारी ने बनाया है। सम्भावित आधारभूत अनुपात एक से एक, एक से अनेक, अनेक से एक तथा अनेक से अनेक (1:1, 1 : Many, Many or N:1 तथा Many : Many or N : M) है।

**सहभागिता (Participation)** – सहभागिता की सीमा यह बतलाती है कि एक प्रकार की इकाई का अस्तित्व दूसरी सम्बन्धित इकाई के सम्बन्धों के प्रकार पर निर्भर है या नहीं। सीमाऐं या निषेध दो प्रकार के होते है – (अ) पूर्ण निषेध (ब) आंशिक निषेध। जब वास्तव में एक प्रकार की इकाई हो तो ऐसी इकाई का अस्तित्व केवल तभी होगा जबकि वह विशेष सम्बन्ध को निभाती हो इस सहभागिता को पूर्ण सहभागिता कहते है। जैसे वर्गीकरण (Classification) सम्बन्ध में खातों (Accounts) की सहभागिता पूर्ण सहभागिता होती है क्योंकि प्रत्येक खाता विद्यमान खातों की श्रेणी या वर्ग (Category or Type) में से ही होगा। इस सहभागिता को अस्तित्व निर्भरता (Existence dependency) भी कहते है। प्रत्येक कर्मचारी से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह कम से कम एक प्रमाणक तैयार करेगा। इसलिए तैयारकर्त्ता (Prepared By) के सम्बन्ध में कमर्चारी की सहभागिता आंशिक मानी जायेगी। इकाई सम्बन्ध (ER) रेखाचित्र (Diagram) बनाने पर पूर्ण सहभागिता को दोहरी लाइन से तथा आंशिक सहभागिता को एक ही रेखा से प्रदर्शित करते है।

**(v) कमजोर प्रकार की इकाई (Weak Entity Types)** – ऐसी प्रकार की इकाई जिनका अपना कोई मुख्य गुण या पहचानकर्त्ता (Identifier) नहीं होता उसे कमजोर प्रकार की इकाई कहते है। एक कमजोर प्रकार की इकाई हमेशा पूर्ण सहभागिता निषेध (अस्तित्व निर्भरता) को उसके पहचानकर्त्ता सम्बन्ध के साथ बनाये रखता है क्योंकि अपनी स्वामी पूंजी के बिना इसकी पहचान नहीं हो सकती। जैसे एक प्रमाणक को दस्तावेजों के समूह की सहायता से पूरा किया जाता है। इन पर नियंत्रण रखना और इनको 1 : N सम्बन्ध द्वारा प्रदर्शित करना आदि सभी कमजोर इकाई होते है क्योंकि विशेष प्रकार के प्रमाणकों की खोज के बाद ही इन विभिन्न इकाइयों को पहचाना जाता है।

**लेखांकन वास्तविकता की इकाई सम्बन्ध प्रस्तुति (ER Presentation of Accounting Reality)**




**(ER Schema diagram for Accounting Database)**

चित्र संख्या 5.11 लेखांकन डाटाबेस के लिए सत्व संबंध विवरणिका का मानचित्र

**चित्र संख्या 5.11 सत्व सम्बन्ध विवरिणका आरेख लेखांकन डाटा बेस के लिये**




**(Diagrammatic presentation of an entity type accounts with code as key attribute)**

**चित्र संख्या 5.12 एक सत्व प्रकार खाता कोड तथा उसके मुख्य गुणों के साथ का मानचित्र**



**(Diagrammatic presentation of an entity type accounts with code as key attribute)**

**(Diagrammatic presentation of an entity type accounts with code as key attribute)**

**चित्र संख्या 5.13 एक सत्व प्रकार खाता कोड तथा उसके मुख्य गुणों के साथ का मानचित्र**




**(Diagrammatic presentation of an entity type accounts with code as key attribute)**

**चित्र संख्या 5.14 एक सत्व प्रकार खाता कोड तथा उसके मुख्य गुणों के साथ का मानचित्र**




**चित्र संख्या 5.15 एक सत्व प्रकार खाता कोड तथा उसके मुख्य गुणों के साथ का मानचित्र**

**समंक आधारित तकनीक (Data Base Technique)**

डाटाबेस को डिजाइन करने के लिए प्रयोग में लायी गई तकनीकों के समूह को समंक आधारित तकनीक कहते है। डाटाबेस की संरचना को तैयार करने के लिए मुख्यतया निम्नलिखित तत्व प्रयुक्त किये जाते है –

1. वास्तविकता (Reality)
2. समंक (Data)
3. समंक आधार (Data Base)
4. सूचना (Information)
5. समंक आधारित प्रबंध प्रणाली (Database Management System)

**1. वास्तविकता** – साधारणतया संस्था के कार्यकलापों के अनुसार डाटा की एक संरचना तैयार की जाती है जिसमें सभी तरह के कार्यों से सम्बन्धित आंकड़ों का समावेश सुनिश्चित हो जाय। जैसे यदि किसी व्यापारिक संस्था के लिए रोकड़ बही, विक्रय बही, क्रय बही, प्राप्य बिल बही, देय बिल बही, क्रय वापसी बही, विक्रय वापसी बही तथा मुख्य जर्नल इत्यादि से सम्बन्धित आंकड़े समावेसित हो जाय।

**2. समंक** – मूल आंकड़े, फेक्ट्स तथा सांख्यिकीय आंकड़े जिनके आधार पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सके उसे समंक कहते है।

**3. समंक आधार** – कम्प्यूटर में समंक संग्रहित (Store) करने के लिए सबसे छोटी इकाई एक अक्षर (जैसे 1, 2, 3, 4, A, B, C, D क, ख, ग, अ) होती है और अक्षरों के समूह से डाटा आइटम बनते है जैसे Name, Address आदि। डाटा आइटम्स के समूह को रिकॉर्ड (Record) कहते है। जैसे विद्यार्थियों के रिकार्ड में रोल नम्बर, नाम, विषय आदि। रिकार्डों के समूह को डाटा फाइल (Data File) कहते है तथा डाटा फाइलों के समूहों को समंक आधार (Database) कहा जाता है।

**4. सूचना** – डाटा को प्रोसेस करने पर प्राप्त परिणामों के आधार पर यदि कोई निर्णय लिया जा सके तो इसे सूचना कहते है। यदि इन परिणामों के आधार पर निर्णय नहीं हो सके तो उन्हें दुबारा प्रोसेस करते है और यह प्रक्रिया सतत् चलती रहेगी जब तक सूचना लायक परिणाम न मिले।

**5. समंक आधारित प्रबन्ध प्रणाली** – यह एक सोफ्टवेयर है जो डाटा बेस को काम में लेते हुए यूजर्स द्वारा चाही गई सभी क्वेरीज के परिणाम ज्ञात करने में सहायक हो। डाटा बेस में डाटा को संग्रहित करना, उनकी संरचना तैयार करना, आवष्यकता के अनुसार परिवर्तन करना, अनावष्यक डाटा को हटाना, इच्छित परिणमों के लिए प्रोसेस करना तथा आवष्यकता अनुसार डाटा को क्रम में व्यवस्थित करना आदि कार्य करने में समंक आधारित प्रबंध प्रणाली सहायक होती है। लेखांकन डाटाबेस का एक उदाहरण लेकर लेखांकन के विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया जायेगा कि लेखांकन के व्यवहारों, उसके सहायक प्रपत्रों (Documents) तथा लेखों एवं कर्मचारियों से सम्बन्धित तथ्यों का डाटाबेस किस प्रकार तैयार किया जाता है।

**उदाहरण (Illustration) – 1** निम्नलिखित सूचनाओं से डाटा बेस स्ट्रक्चर तथा डाटा बेस के लिए कुछ साधारण समंक बतलाये जा रहे है –

| Date | Transactions | Amount ₹ |
|---|---|---|
| 2011 | Commenced business with Cash | 5,00,000 |
| April - 1 | Cash deposited in to Bank | 4,00,000 |
| April – 1 | Goods purchased from R.S. & Sons and payment made by cheque No. 765421 | 1,50,000 |
| April – 2 | Rent for the month of April 2011 paid by cheque No. 765423 | 9,000 |
| April – 3 | Goods purchased for cash from R.S. & Sons | 50,000 |

**हल (Solution) :**

**Employees**

| Emp_Id | Fname | Minu | LName | Address | Phone No | Super_Id |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A001 | Aditya | K | Bharti | | | |
| B001 | Bimal | S | Jalan | | | A001 |
| S001 | Smith | K | John | | | A001 |
| S002 | Sunil | K | Sinha | | | B001 |

**Vouchers**

| VNo | Debit | Amount | Vdate | Credit | Narration | Auth. By | Prep. by |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2011 | | | | |
| 01 | 631001 | 5,00,000 | Apr – 01 | 110001 | Commenced business with cash | A001 | B001 |
| 02 | 632001 | 4,00,000 | Apr – 01 | 631001 | Deposited into bank | A001 | S001 |
| 03 | 711001 | 1,50,000 | Apr – 02 | 632001 | Purchases from R.S. & Sons | A001 | B001 |
| 04 | 712002 | 9,000 | Apr – 02 | 632001 | Paid rent for April, 2011 | A001 | B001 |
| 05 | 711001 | 50,000 | Apr – 03 | 631001 | Goods purchased from R.S. & Sons | A001 | S001 |

**Support**

| Vno | Sno | Name |
|---|---|---|
| 02 | 1 | Cash deposit receipt |
| 03 | 1 | Purchase invoice No. Date : |
| 03 | 2 | Delivery Challan |
| 04 | 1 | Rent receipt for the month April, 2005 |
| 05 | 1 | Purchase invoice No. Date : |

**Account**

| Code | Name | Type |
|---|---|---|
| 110001 | Capital Account | 4 |
| 631001 | Cash Account | 3 |
| 632001 | Bank Account | 3 |
| 711001 | Purchases | 1 |
| 711003 | Carriage Inward | 1 |
| 712002 | Rent | 1 |
| 711011 | Wages | 1 |

**Account Type**

| Cat. Id | Category |
|---|---|
| 1 | Expenditure |
| 2 | Income |
| 3 | Assets |
| 4 | Liabilities |

**उदाहरण (Illustration) – 2** यदि उपरोक्त उदाहरण में निम्नलिखित दो व्यवहार ओर जोड़ दिये जाय तो उक्त हल में निम्नलिखित परिवर्तन होगा – (April – 2, paid to Nahar Transport ₹ 3,000; April – 3, paid for carriage to Saini Transport ₹ 2,000)

**हल (Solution) :**

**Employees**

| Emp_Id | Fname | Minu | LName | Address | Phone No | Super_Id |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A001 | Aditya | K | Bharti | | | |
| B001 | Bimal | S | Jalan | | | A001 |
| S001 | Smith | K | John | | | A001 |
| S002 | Sunil | K | Sinha | | | B001 |

**Vouchers**

| VNo | Sno. | Debit | Amount | Vdate | Credit | Narration | Auth. By | Prep. by |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2011 | | | | |
| 01 | 1 | 631001 | 5,00,000 | Apr – 01 | 110001 | Commenced business with cash | A001 | B001 |
| 02 | 1 | 631001 | 4,00,000 | Apr – 01 | 631001 | Deposited into bank | A001 | S001 |
| 03 | 1 | 711001 | 1,50,000 | Apr – 02 | 632001 | Purchases from R.S. & Sons | A001 | B001 |
| 03 | 2 | 711003 | 3,000 | Apr – 02 | 632001 | Paid to Nahar Transports | A001 | B001 |
| 04 | 1 | 712002 | 9,000 | Apr – 02 | 632001 | Paid rent for April, 2011 | A001 | B00101 |
| 05 | 1 | 711001 | 50,000 | Apr – 02 | 631001 | Goods purchased from R.S. & Sons | A001 | S001 |
| 05 | 2 | 711003 | 2,000 | Apr – 03 | 631001 | Paid to carriage to Saini Transports | A001 | S001 |

**Account**

| Code | Name | Type |
|---|---|---|
| 110001 | Capital Account | 4 |
| 631001 | Cash Account | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 632001 | Bank Account | 3 |
| 711001 | Purchases | 1 |
| 711003 | Carriage Inward | 1 |
| 712002 | Rent | 1 |
| 711011 | Wages | 1 |

**Account Type**

| Cat. Id | Category |
|---|---|
| 1 | Expenditure |
| 2 | Income |
| 3 | Assets |
| 4 | Liabilities |

**सम्बन्ध परक डाटा मॉडल की अवधारणा (Relational Data Model ro RDMs)** – डाटाबेस को कम्प्यूटर में प्रदर्षित करने के लिए तीन मॉडल बनाये गये हेरारकिकल डेटा मॉडल, नेटर्वक डेटा मॉडल तथा सम्बंध परक डाटा मॉडल (Relational Data Model) इनमें से सम्बंध परक डाटा मॉडल (RDM) सर्वाधिक प्रयुक्त किया जाता है। प्रथम दो मॉडल के व्यवहारिक प्रयोग में कठिनाईयां अनुभव होने के कारण सम्बन्ध परक डाटा मॉडल (RDM) को सर्वाधिक लोकप्रिय हुआ। सम्बन्ध परक डाटा मॉडल (RDM) में अलग–अलग फाइलों को (Entity Set) कहा जाता है। प्रत्येक Entity Set में प्रयुक्त पंक्तियां (Row) को Tuple तथा प्रत्येक समंको की मद (Data Item) को गुण (Attribute) कहा जाता है। जैसे खाता (Account) के लिए दो Entity Sets को निम्नलिखित अुनसार दर्शाया जा सकता है।




**चित्र 5.16 .................**

सम्बन्ध परक डाटा मॉडल अपनी डाटा बेस संरचना के कारण सम्बन्धपरक कहलाता है। किसी भी संगठन में किसी भी क्रिया या व्यवहार (Transaction) को दो शाखाओं (Dimentions) की टेबल में भण्डारण (Store) करने की विधि है। सम्बन्ध परक डाटा मॉडल (RDMS) के संदर्भ में दो शाखाओं की (Diamentional) टेबल एक सम्बन्ध (Relation) है। वास्तविक जीवन में हम ऐसे Object व वस्तुऐं पाते है जिनकी अपनी कुछ भिन्न वेल्यू (Value) होती है। ऐसे Object को Entity कहते है। समान Entity का संकलन Entity Set कहलाता है। साधारणतया इन Entity Sets के बीच एक से अधिक सम्बन्ध पाये जाते है। इन Entity Set के बीच में पाये जाने वाले सम्बन्ध को Table के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है और इन सभी सम्बन्धों का समूह Relational database कहलाता है। इनमें उपयोग की जाने वाली Tables में Data को डाला, बदला, Update व Delit किया जा सकता है। इन सभी क्रियाओं को सम्बंध परक डाटा मॉडल अवधारणा (Relational database Management System) कहते है। RDBMS की Relational Property कोड (Codd) द्वारा बनाये गये कुछ नियमों पर आधारित है जो Data base की सम्बन्धित योग्यता को बतलाते है।

**Relational Data Model की अवधारणा या RDM** से सम्बन्धित Data Model, Database के सम्बन्धों को समूह के रूप में दर्षाता है जो कि मूल्यों की सारणी के रूप में अनुरूप (Equal) होती है। सारणी की प्रत्येक पंक्ति सम्बन्धित डेटा को मूल्य के रूप में दर्शाती है। सारणी की प्रत्येक पंक्ति के मूल्यों को डाटा अभिलेख (Record) कहते है। स्तम्भ (Column) के सभी मूल्य जो किसी विशेष क्षेत्र के होते है एक ही डाटा (Data) सारणी के होते है।

**Name of Table - Accounts**

| Code | Name | Type |
|---|---|---|
| 110001 | Capital Account | 4 |
| 221019 | Jain & Company | 4 |
| 221020 | Jai Ram Brothers | 4 |
| 411001 | Furniture Account | 3 |

उपरोक्त सारणी के अनुसार सारणी पंक्ति तथा कॉलम से तैयार की जाती है। इस खाता नामक सारणी के तीन कॉलम है जैसे Code, नाम व प्रकार और इन कॉलमस में सम्बन्धित सूचनाऐं (411001, फर्निचर खाता, 4) दर्शायी गयी है। इससे स्पष्ट है कि फर्निचर का कोड 411001 है तथा प्रकार का संकेताक्षर 4 है

**(अ) सम्बन्ध (Relation)** – एक सम्बन्ध विवरणिका (Schema) को सम्बन्ध के नाम और गुण को मिलाकर तैयार किया जाता है। कोई भी सम्बन्ध इसके नाम द्वारा पहचाने जाते है तथा विवरणिका द्वारा व्यक्त किये जाते है। सम्बन्ध के अंश (Degree) इसके गुणों की संख्या के बराबर होते है। उदाहरण के लिए सम्बन्ध विवरणिका में खाते के तीन अंष प्रदर्षित किये गये है।

**खाता जो कि एक एनटिटी (Entity) है उसके गुणों (कोड, नाम, प्रकार) के साथ सम्बन्ध**

खाते के सम्बन्धों (Relations) का नाम जिसके तीन गुण है –

कोड़ = खाते की जानकारी

नाम = खाते का नाम

प्रकार = खाते का वर्ग

सम्बन्ध एक सत्व प्रकार (Entity Type) को प्रदर्शित करता है। सम्बन्ध उन टपल (Code Block) का समुच्चय (Relation) है जहां प्रत्येक सम्बन्ध के टपल के गुण के अनुसार एक क्रमबद्ध सूची है और इसमें प्रत्येक मूल्य के क्षैत्र से सम्बन्धित गुणों की उपलब्धता होनी चाहिये। प्रत्येक टपल इस सम्बन्ध में एक विशेष सत्व (Entity) को प्रदर्शित करता है।

**(ब) पंक्ति के मूल्य (Value in Tuple)** – पंक्ति का प्रत्येक मूल्य एक अविभाजित मूल्य है, जो कि मौलिक सम्बन्ध मॉडल के अन्तर्गत अन्य भागों में विभाजित नहीं होती है। इनमें मिश्रित और बहुमूल्य गुणों को मान्य नहीं किया जाता है। जैसे उपरोक्त टेबल में नाम के खाने में खातों के नाम लिखे हुए है तो उस खाने में खाते के नाम के अतिरिक्त अन्य किसी भी सूचना का मूल्य नहीं लिखा जा सकता। अज्ञात तथा अमान्य मूल्यों को व्यक्त करने के लिए रिक्त (Null) शब्द का प्रयोग किया जाता है।

**सम्बन्धपरक डाटाबेस और विवरणिका (RDB and Schema)** – सम्बन्ध डाटाबेस विवरणिका एक सम्बन्ध विवरणिका और अखण्ड निषेध (Integraty Constraints) का एक समुच्चय है जो कि सम्बन्ध डेटा बेस विवरणिका की सभी अखण्ड निषेध का अनुपालन करती है। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण तथ्य निम्नलिखित है :–

1. कोई भी विषिष्ट गुण जो कि एक व्यवहारिक जगत से सम्बन्ध रखता है, एक से अधिक सम्बन्ध में समान या विभिन्न नामों से आ सकते है। जैसे प्रमाणकों का सम्बन्ध खाता संख्या, नाम व जमा में दर्शाया जाता है जबकि खाता सम्बन्ध में इन्हे कोड (Code) के रूप में प्रदर्षित करते है।
2. विशिष्ट व्यवहारिक अवधारणाऐं जो कि सम्बन्ध में एक से अधिक बार सम्मलित होती है उन्हें अलग–अलग नामों द्वारा व्यक्त किया जाता है।
3. अखण्ड निषेध (Intiquity Constraints) जो डेटा बेस विवरणिका पर लगाई जाती है वह उस विवरणिका की प्रत्येक डेटा बेस की अवस्था पर लागू होना चाहिये। जैसे कोई भी दो पंक्तियां एक समान मूल्य नहीं रख सकती क्योंकि एक सम्बन्ध, पंक्तियों का समूह, की समस्त पंक्तियां विशिष्ट सूचनाऐं दर्शाती है।

**डेटा बेस विवरणिका ओर निषेध (Database Schema and Constraints)** – सम्बन्धित डाटाबेस में चार विभिन्न प्रकार के निषेध को वर्णित किया जाता है वे है – क्षैत्र निषेध (Domain Constraints), कुंजी निषेध (Key Constraints), सत्व अखण्ड निषेध (Entity Intigrity Constraints) और सम्बन्ध अखण्ड निषेध (Refrencial Intigrity Constraints)

**1. क्षैत्र निषेध** :– प्रत्येक सम्बन्ध के प्रत्येक गुण का मूल्य अविभाजित (Individual) और क्षैत्र से सम्बन्धित संभावित मूल्यों से निष्कर्षित (Associated) होना चाहिये। अतः गुणों का मूल्य क्षैत्र के डाटा सारणी के अनुसार होना आवष्यक है।

**2. कुंजी निषेध** :– प्रत्येक डाटा अभिलेख जिसे सम्बन्ध की पंक्ति भी कहते है, विषिष्ट होना चाहिये। प्रत्येक सम्बन्ध की कम से कम एक कुंजी होती है जिसमें सभी गुणों का समावेश होता है ऐसी कुंजी को सुपर कुंजी कहते है। जब भी किसी सम्बन्ध में एक से अधिक कुंजी होती है तब प्रत्येक ऐसी कुंजी को प्रार्थी (Candidate) कुंजी कहते है। ऐसी एक कुंजी को सम्बन्ध की प्रारंभिक (Primary) कुंजी भी कहते है। किस प्रार्थी कुंजी को प्रांरभिक कुंजी मानना है यह विषयानुसार विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

**3. सत्व अखण्ड निषेध** :– कोई भी प्राथमिक कुंजी कभी भी रिक्त नहीं हो सकती क्योंकि यह अलग अलग पंक्ति को पहचानने के लिए प्रयोग की जाती है।

**4. संदर्भ अखण्ड निषेध** :– यह दो या दो से अधिक सम्बन्धों के मध्य लक्षित (Specify) होता है। यह निषेध ऐसे सम्बन्धों के मध्य समानान्तरीय पंक्ति को बनाये रखता है।

**प्रचालन व निषेध का उल्लंघन (Operations and Constraints Violation)** – सम्बन्धित प्रारूप में प्रचालन के दो वर्ग होते है, अध्यतन (Update) तथा पुनः प्राप्ति (Retrieval)। प्रमुख रूप से अध्यतन तीन प्रकार के होते है – निवेषन (Insert), विलोपन (Delete) तथा सुधार (Modify)

**निवेशन या शामिल करना (Insert)** :– यह कार्य सम्बन्ध में नई पंक्ति जोड़ने के लिए किया जाता है निवेष प्रचालन से उपरोक्त चारों निषेधों का उल्लंघन हो सकता है।

**विलोपन या मिटाना (Delete)** :– यह संक्रिया किसी सम्बन्ध से पंक्ति को हटाने के लिए प्रयोग में लायी जाती है। कोई भी विशिष्ट डेटा अभिलेख को सारणी से विलोपन के माध्यम से हटाया जा सकता है। विलोपन द्वारा संदर्भ अखण्डता का उल्लंघन हो सकता है।

**सुधार (Modify)** :– यह संक्रिया (Operation) पहले से बनी पंक्तियों के मूल्यों के गुणों में सुधार करती है। एक डेटा सारणी के लेखांकित विवरण के मूल्यों का सुधार करने में उपयोगी होती है। इससे सामान्यतया कोई भी क्षति (Damage),या उल्लंघन नहीं होता है।

पुनः प्राप्ति की संक्रिया में किसी भी अखण्डता निषेध का उल्लंघन नहीं होता है।

**सम्बन्ध डेटा बेस विवरणिका का प्रारूप (Desiging Relational Database Schema)** – इनमें उन नियमों अथवा निर्देषों को समझाया गया है जिनके फलस्वरूप प्रारूप को प्रतिरूपित कर सम्बन्ध डेटा बेस विवरणिका प्रारूप तैयार किया जाता है ताकि मनवांछित डेटा बेस तैयार किया जा सके। उपरोक्त चित्र 5.11 के संदर्भ में निम्नलिखित पद मॉडल को सम्बन्ध डेटा मॉडल में बदलने के लिए सहायक होते है।

**(अ). प्रत्येक मजबूत सत्व (Entity) के लिए सम्बन्ध बनाना (Create a relation for every Strong Entity)** – प्रत्येक मजबूत सत्व के लिए एक अलग सम्बन्ध जिसमें उस सत्व के सारे गुण हो, बनाया जाता है। इसके लिए किसी एक गुण को सम्बन्ध की प्राथमिक (Primary) कुंजी मानते है। जैसे कर्मचारी सत्व एक मजबूत सत्व है क्योंकि इसकी प्राथमिक कुंजी कर्मचारी आई. डी. में है जो कि इसका एक अद्वितीय गुण है। अतः कर्मचारी के लिए अलग सम्बन्ध बनाया गया है। यह इस प्रकार है –

कर्मचारी (कर्मचारी आई. डी., प्रथम नाम, मध्यम नाम, अंतिम नाम व पता, फोन नम्बर, सुपर आई.डी.) इसी प्रकार निम्नलिखित मजबूती सत्व के लिए अलग सम्बन्ध की आवष्यकता हुई जिसके प्राथमिक कुंजी के गुणों को रेखित किया गया है –

**खाता** (कोड, नाम, प्रकार)

**प्रमाणक** (प्रमाणक संख्या, प्रमाणक तिथि, राषि, प्रक्थन या विवरण)

**खाता प्रकार (वर्ग आई.डी., वर्ग)**

**(ब). कमजोर सत्व प्रकार के लिए अलग सम्बन्ध बनाना (Create a separate relation for weak entity type)** – प्रत्येक कमजोर सत्व का एक स्वामी सत्व और एक पहचानकर्त्ता सम्बन्ध भी होता है जिसके द्वारा कमजोर सत्व की पहचान होती है। प्रत्येक कमजोर सत्व प्रकार के लिए उसके सभी गुणों द्वारा एक नया सम्बन्ध बनाया जाता है। उदाहरण के लिए मजबूत सत्व के साथ प्रमाणक को इसके स्वामी सत्व की अपनी प्राथमिक कुंजी नहीं रखती है। यह एक आंशिक कुंजी है जिसमें प्रत्येक प्रमाणक की क्रम संख्या को दिया जाता है।

**(स). सत्व प्रकारों की पहचान जो द्विआधारीय सम्बन्ध 1 : N सम्बन्ध प्रकार के सहभागी है (Identify entity type Participating in Binary 1 : N Relationship)** – इसमें N पक्ष सम्बन्ध की ओर प्रथम सम्बन्ध की पहचान करें तथा I पक्ष की ओर दूसरे सम्बन्ध की पहचान करें। उदाहरण के लिए एक कर्मचारी कई प्रमाणकों को अधिकृत कर सकता है। इससे यह प्रदर्शित होता है कि प्रमाणक सत्व द्वारा अधिकृत सम्बन्ध के पक्ष (N) में भाग लेता है जबकि कर्मचारी सत्व इसी सम्बन्ध के (1) पक्ष में भाग लेता है।

